Bharat Temples

हे गंगे मैया पार लगा दे,
जीवन नैया तेरे हवाले,
हे गंगे मईया पार लगा दे।।

तर्ज दो दिल टूटे।

अपने तपोबल से ही,
भगीरथ ने धरती पे उतारा,
आके धरा पे तूने,
सगर के पुत्रो को था तारा,
गम के भंवर से तूने,
गम के भंवर से तूने,
सबको उबारा,
हे गंगे मईया पार लगा दे।।

जब जब दबी ये धरती,
पापी जनो के भारी पाप से,
पाने को मुक्ति आते,
लोग सभी तेरे पास रे,
पावन ये जल तेरा,
पावन ये जल तेरा,
पाप धो डाले,
हे गंगे मईया पार लगा दे।।

हे गंगे मैया पार लगा दे,
जीवन नैया तेरे हवाले,
हे गंगे मईया पार लगा दे ।।

Singer Tara Devi

Source: https://www.bharattemples.com/hey-gange-maiya-paar-laga-de/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw